# सियोल की यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग पर चर्चा

नई दिल्ली। डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय और सियोल की चुंग आंग विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक सहयोग को लेकर रविवार को परामर्श बैठक हुई। स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज और अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रभाग के तत्वावधान में आयोजित बैठक का संचालन प्रो. तनुजा सिंह ने किया। बैठक में दोनों विश्वविद्यालयों ने अपनी विशेषज्ञता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। प्रो. ली चान क्यू ने चुंग आंग विश्वविद्यालय की क्षमताओं की जानकारी साझा की।